Gmail

Anmol Arora <tecniawebsite@tecnia.in>

# Fwd: Join the Campaign to make India Child Marriage Free

1 message

**Nss Tecnia** <nss@tecnia.in> Wed, Feb 1, 2023 at 4:47 PM
To: Anmol Arora <tecniawebsite@tecnia.in>

---------- Forwarded message ---------
From: **GGSIPU NSS Cell** <nsscell@ipu.ac.in>
Date: Sat, Oct 15, 2022, 19:26
Subject: Fwd: Join the Campaign to make India Child Marriage Free
To: <mksssrewa@yahoo.co.in>, NSS GGSIPU <priyankabhutani9@gmail.com>, Priyanka Bhutani <priyanka.b@ipu.ac.in>, Dr. Gaurav Talan <gauravtalan@ipu.ac.in>, Dr. Rakesh Handa <rakeshhanda_1976@yahoo.co.in>, Deepak Garg <deepak@ipu.ac.in>, Vinita <vinita@ipu.ac.in>, Dr.Ram Shankar Gupta <rsgupta@ipu.ac.in>, Dr Sachin Bharti <drsachin@ipu.ac.in>, <shalini.ipusoe@gmail.com>, Dr. Neetu Rani <neetu_rani@ipu.ac.in>, <srohit0434@gmail.com>, Sayan Chatterjee <sayan@ipu.ac.in>, Akhil Das <akhildass@ipu.ac.in>, <ankurgsb.usar@gmail.com>, <ar.shubhangi22@gmail.com>, NSS ADGITM <nss@adgitmdelhi.ac.in>, Dr Sanjay Kumar <director@adgitmdelhi.ac.in>, Ms. Dr. Saloni Goel PO AIE <nssaie2020@gmail.com>, <dr.nilambara_srivastav@aimt.ac.in>, <directorrehab@tecnia.in>, <anuguptaag12345@gmail.com>, Dr. Jayant Sanyal BCIPS <jayant@bcips.ac.in>, NSS Cell BCIPS <nssbcips@gmail.com>, <neha@bcip.ac.in>, Dr. Arunima Mishra <arunimamishra@bpitindia.com>, <dr.poonamkathuria@gmail.com>, <shikhagupta@bpitindia.com>, <shalinisharmamishra@bpitindia.com>, <engineer.pooja90@gmail.com>, <mugdha.sharma145@gmail.com>, <coedelhi@bharatividyapeeth.edu>, <dharmender.saini@bharatividyapeeth.edu>, Dr. Anil kumar <anilcollegemail@gmail.com>, Ms. Garima Bali BLMCE <garima.bali@blmce.ac.in>, <nssunit@cpj.edu.in>, prof. Dr. J. P. MOHLA CPJCHS <mohlajp@cpj.edu.in>, NSS CBPACS <nsscbpacs@gmail.com>, Sakshi Anand <sakshi@dias.ac.in>, <dirdmails@gmail.com>, <brijeshsaini@gmail.com>, <deepakjims@rediffmail.com>, Dr. Smita Gupta DME <s.gupta@dme.ac.in>, NSS DSPSR <nss_po@dspsr.in>, Director DSPSR <director@dspsr.in>, <guptamohit_11@yahoo.com>, Ms. Renu PO FIMT <fimtnss@gmail.com>, NSS Gibs <nss.gibs@gitarattan.edu.in>, Director <director@gnitipu.in>, Dr. Charu Sethi GNCE <gncedelhi@yahoo.com>, Mr. H.R. Meena GNDIT <meenahemraj1970@gmail.com>, <mskapoor80@gmail.com>, Brajesh Singh <brajeshsingh.dce@gmail.com>, PRIYANKA INDORIA <drpriyankaindoria@gmail.com>, IITM-JP <director@iitmjp.ac.in>, <drpriyankamurria.iitmdelhi@gmail.com>, <preksha9125@gmail.com>, <nityakhurana86@gmail.com>, <neeti1906@gmail.com>, Ms. Nahid Raees IVS <nahidraees719@gmail.com>, Dr. Manjula Shastri <hodbcom.kj@jagannath.org>, Dr. Rashmi Bhatia JIMS <hodbba.kj@jagannath.org>, nss cell <nss_cell@jimsindia.org>, Hakimudidin Khan JIMS VK Khan <hakimuddin.khan@jagannath.org>, <nsskiheat@gmail.com>, <nsskrche@gmail.com>, Prof. Bhavna Agarwal <director@kccilhe.edu.in>, <events@kccilhe.edu.in>, Dr.Sunita Singhal <dr.sunita@kccilhe.edu.in>, Dr. K. K. Garg Principal LLDIMS(Ligaya) LLDIMS <director.ldims@gmail.com>, <nss@lldims.org.in>, <nss@maims.ac.in>, <mait@mait.ac.in>, Dr. Karunapati Tripathi MAIT <karunapati@gmail.com>, Savita Ahlawat <savita.ahlawat@msit.in>, Dr. Vivek Solanki MSI <drviveksolanki@gmail.com>, Dr. Vivek Solanki MSI <viveksolanki@msi-ggsip.org>, Ms. Deepshikha Kalra MERI <deepshikha017@gmail.com>, Dr. Shubham Agarwal NDIM <shubhamagarwal@ndimdelhi.in>, <shailendrakumar@ndimdelhi.in>, <ruchi.sharmamba@sanskar.org>, <drnavneetkaur@sgtbimit.com>, <nssipu.sgtbimit@gmail.com>, Dr. Sonu Godara Asst.Prof.GGSIPU Delhi <godaraseenu@gmail.com>, Ayushee Gupta PO SLCGHE <slcg@stlawrence.in>, ABHA KANSAL <abhasiwal@gmail.com>, Nss Tecnia <nss@tecnia.in>, <vaishaliprasad89@gmail.com>, nss tiips <nsstiips@gmail.com>, Prof. Barkha Bahl TIPS Director <tips@tips.edu.in>, Aparna Chaturvedi <chaturvedi.aparna.tirwa@gmail.com>, Dr. Deepali Saluja TIPS <deepalisaluja@rediffmail.com>, <ishasetia94@gmail.com>, <sagrika7.uppal@gmail.com>, Renu Vashisht <renu.vashisht@vips.edu>, <alpna@vips.edu>, Sunil Mishra <sunil.mishra@vips.edu>
Cc: Varun Joshi <varun.joshi@ipu.ac.in>, Dr. Rajesh Kumar <rajeshkumar@ipu.ac.in>, Dr. Durgesh Dr. Durgesh Tripathi <drdurgeshtripathi@ipu.ac.in>

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed.

----

**With Warm Regards,**
**Prof. Varun Joshi**
NSS Program Coordinator,
Professor, USEM
A-002, A-Block, GGSIP University Main Campus
Sector - 16C, Dwarka, New Delhi-110078
Contact Details:
011-25302369 (Direct Landline)
9971122817 (M)

---------- Forwarded message ---------
From: **Gunjan Grover** <gunjan@satyarthi.org>
Date: Fri, Oct 14, 2022 at 2:05 PM
Subject: Join the Campaign to make India Child Marriage Free
To: ankit7919@gmail.com <ankit7919@gmail.com>
Cc: Ishita Khandka <ishita@satyarthi.org>, Aparna Ravi <aparna.ravi@satyarthi.org>

Greetings from Kailash Satyarthi Children's Foundation!

Join the campaign to make India Child Marriage Free!

Kailash Satyarthi Children's Foundation (KSCF), founded by the Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi will launch a Pan-India campaign on 16th October.
At the forefront of this nationwide movement will be 100,000 women leaders from 10,000 villages who will pledge to fight the menace of child marriage.

If you want to join the campaign, come forward and become a part of the historic event in solidarity with the victims and women of our country, come pledge with us to stop the social evil. Some of you are already spreading awareness to your respective places with your friends, colleagues and youth organizations and some of you are supporting us through social media. Push the campaign as much as you can. In case of any query, feel free to reach out to me at any time. We are attaching Appeal Letter & Concept Note of Kailash Satyarthi Ji with Do Yourself Kit.

Let's create history together and make it a success.

Best regards
Gunjan Grover
Kailash Satyarthi Children's Foundation
7982924458

---

**6 attachments**

- **Appeal Letter from Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi ji_English (3).pdf**
  593K
- **Appeal Letter from Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi ji_Hindi (1).pdf**
  7447K
- **Concept Note_Child Marriage Free India (3).pdf**
  3321K
- **Concept Note_F(Hindi) (3).pdf**
  2938K
- **Light a Candle-Diya to end Child Marriage_Eng (1).pdf**
  1183K
- **Light a diya to end child mariage.pdf**
  1780K

बाल विवाह मुक्त भारत
CHILD MARRIAGE FREE INDIA
सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

# An Appeal by Shri Kailash Satyarthi



**My dear sisters and brothers,**

I write to you on the occasion of Azadi Ka Amrit Mahotsav, for us to come together to wipe off a social evil in our society. Since we have walked thousands of miles together to put an end to crimes and injustices against children, I have complete faith in you.

Child marriage is a stigma that needs to be eradicated from its roots. This evil custom has been in practice for centuries and it needs to be abolished from our modern-day lives. This custom is an immoral deed, which to our misfortune, still has social acceptance and it diminishes the essence of childhood innocence in our society. Our young daughters are made to work under servitude as domestic labourers under the guise of child marriage. We see a disheartening reality where our young daughters face grave sexual exploitation in the name of a social custom every other day. Many innocent girls are not even aware that the lively wedding costumes, and lovely designs painted on their hands and alta-coloured feet, are truly like a fire whose smoke will smother them for the rest of their lives and eventually shatter their souls.

When I was younger, there was a lady in my neighborhood. She wore a white sari daily, it was her only clothing to cover her shaven head. She was forbidden from attending any auspicious events in the neighborhood, such as weddings or birthday parties. Even on festivals like Teej which is typically observed by married women, she was forced to stay indoors. People despised her because her husband had passed away. She yearned to hear a few loving words from kids like us. Where are your kids, I once questioned her? She then responded, "Son, I was only eight or nine years old when I got married. Two years older than me, my husband passed away suddenly. Please tell me what was my fault in this?" Even today, I can clearly recall her words, the agony on her face, and the expressionless look in her eyes.  A few years later, when I travelled to Mathura and Vrindavan, I witnessed innumerable mothers and sisters who were in poor shape and were merely waiting in silence for the end of their lives.

A few years ago, a young 16-17-year-old girl had been enticed from Assam and married off to a man who was not only three times her age but also of unsound mind. Eventually, she was rescued by us from a village in Haryana. The man had maintained her as his wife, as did his older brother. She served as a maid for the rest of the family all day long. We rescued her

and set her free. She told me after being rescued, "My father is very poor and disabled. I didn't want to burden him. I was brought to Delhi by a man under the pretence of marriage. He did, however, sell me for 20,000 rupees. How will I show my face to my father when I go home?

We managed to convince her and she eventually returned home with her brother. But under these circumstances, a lot of these girls even turn to suicide as an ultimate decision. Under the guise of marriage, trafficking forces a lot of girls into prostitution. Our organization has prevented numerous girls in South India from being trafficked by affluent Sheikhs from overseas under the pretence of performing nikah.

Only last week, our activists rescued a 14-year-old girl from Jaipur. In December last year, a friend of her mother had taken Rs 3 lakh from a man from Dholpur district in exchange for marriage to the girl. After being rescued, she said, "At my in-laws' house, throughout the day I was made to work like a slave. For the slightest mistake, I was beaten up badly. My husband sexually assaulted me several times, when I didn't conceive, I was subjected to various kinds of mental torture."

Friends, by attaining independence with significant sacrifices and renouncements, our forebearers propelled India to the forefront of the world in many fields in the past 75 years. They contributed to everything we are today. But many of their aspirations and works remain unfulfilled. Who will carry them out if not us?

For the past 42 years, we have fought against slavery and child labour to fulfil the aspirations of our martyrs, who sacrificed their lives fighting for independence. After decades of struggle, we were able to win children's Right to Education; this was our modest homage to the creators of our Constitution. We were aware that sexual exploitation and abuse of young children were on the rise. We started the "Safe Childhood - Safe India" campaign in response to this. This campaign attracted everybody's attention and as a result, grew in importance. As the country's population became more informed, several rules and stringent laws were implemented. The activism of the judiciary increased. It was an effort to uphold morality and character in society. The major concern right now is child abuse, harassment, and exploitation of children — all of which had decreased in the last few years but as a result of COVID19, it seems to have reversed and risen at an alarming rate. Child marriage is one of them. Our youth workers have prevented numerous child marriages in many villages over the past two and a half years.

Child marriage is prohibited by law in our country. Even after marriage, physical contact with a minor and child sexual assault are crimes that carry harsh punishments. In addition, many state governments have introduced favourable social security programmes for girls, allowing them to delay marriage until they are of legal age. In spite of this, 23 out of 100 girls marry before turning 18 years old.

My friends, whose children are these? They are Mother India's children. These are our daughters, our sisters. We also have a duty to ensure their safety, good health, and bright future.

The fact that so many of our daughters are not ready to endure this injustice is a source of pride and inspiration for us. They have armed themselves against it. They are protesting it by raising their voice. They are fighting against their parents, relatives and communities by not only opposing their marriage themselves but also supporting other girls. There are many such brave girls among them who have even reported their father and brothers to the authorities for forcing them into marriage. They are dismantling the long-standing web of misogynistic traditions, shame, and the dread of society and claiming their rights. Among them is Payal of Hansla village in Rajasthan, Neemdi's Tara Banjara, Kajal, Radha, Deepika, and Rajkumari from Jharkhand, as well as scores of other daughters who have made their villages example of social progress. I applaud their courage.

No matter how motivating these instances are, they cannot entirely eradicate this evil and criminality. Along with societal consciousness and awareness, fear of the law and widespread legal action is also required to end this evil. We have therefore made the decision to start a national campaign against child marriage. The campaign aims to reduce the country's statistics on child marriage from the current 23% to 10% by the end of 2025. It should be the biggest, most comprehensive, and most effective campaign in the history of the world.

Our hope is for one crore people across the nation to take part and support our campaign against child marriage. This effort will be promoted by thousands of our activists as well as social organizations, youth and women's groups, panch-sarpanches of village panchayats, local authorities, religious leaders, educators, child protection committees and institutions. The campaign will be flagged off on the historic evening of October 16, 2022. On that day, 50,000 women and girls in 10,000 villages will pledge to eradicate the shame associated with child marriage. They will make this pledge with torches, candles, or earthen lamps in their hands.

My sisters and brothers, visualize this moment when millions of people from thousands of towns around the nation walk side by side, step by step, carrying a flame of light in their hands and a fire burning inside their hearts. On that evening of October 16, one sun would be setting in the sky, but the other sun would be rising from the soil of India.


Remember, people who sit in the audience gallery to clap or to criticize, don't make history. The makers of history are those who jump into the ring with courage. Today, I call upon you to become a creator, to witness this golden chapter being written in the history of India.

Never forget that history isn't made by spectators. History is created by those who bravely enter the fray. As this glorious chapter in India's history is being written, I urge you to participate in its creation rather than simply observe it.

Your friend,

**Kailash Satyarthi**

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION



# बाल विवाह मुक्त भारत
## CHILD MARRIAGE FREE INDIA

सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

## के लिए
# कैलाश सत्यार्थी जी
## का
# आह्वान

**मेरी प्रिय बहनों और भाइयों,**

देश की आजादी के अमृत महोत्सव पर मैं आपसे भारत माता के चेहरे पर लगे एक गहरे धब्बे को मिटाने के लिए साथ आने का आह्वान कर रहा हूं। मुझे आप पर पूरा भरोसा है, क्योंकि बच्चों पर होने वाले अत्याचारों और अपराधों का अंत करने की मुहिम में पहले भी आप मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर हजारों मील चले हैं।

आज मैं आपसे जिस कलंक को मिटाने की बात कर रहा हूं वह बाल विवाह का है। यह सदियों से एक परंपरा और रिवाज के तौर पर चलता आ रहा है। वास्तव में तो, यह बच्चों के शरीर, मन और आत्मा को कुचलते रहने का एक ऐसा पाप है जिसे सामाजिक मान्यता मिल जाती है। यह बच्चियों को दुल्हन बनाकर उनसे घरेलू ग़ुलामी कराने और उनके साथ बलात्कार तथा उनके यौन शोषण का लाइसेंस दे देने जैसा काम है। ज्यादातर अबोध लड़कियां जान भी नहीं पातीं कि उनके हाथों में रची गई मेहंदी, पैरों का माहुर और शादी का जोड़ा ऐसी आग है जिसका धुँए उन्हें  जिंदगी भर घुट-घुटकर मारता रहने वाला है।

मैंने बचपन में अपने पड़ोस में रहने वाली एक बाल विधवा महिला को देखा है। वे हमेशा सफेद साड़ी में अपना मुंडा हुआ सिर ढककर रहती थीं। उन्हें मोहल्ले में होने वाले शादी-ब्याह या जन्मदिन जैसे सभी शुभ कार्यों से दूर रखा जाता था। तीज-त्योहारों पर भी वे घर से नहीं निकलती थीं। लोग उनका तिरस्कार करते थे। वे हम जैसे बच्चों से प्यार के दो शब्द सुनने के लिए तरसती रहती थीं। मैंने एक बार उनसे पूछा कि आपके बच्चे कहां हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, “बेटा, मेरी खुद की शादी आठ- नौ साल की उम्र में कर दी गई थी। मेरे पति मुझसे साल-दो साल बड़े थे जिन्हें भगवान ने जल्दी ही बुला लिया। बताओ इसमें मेरा क्या कसूर है?” मैं उनके शब्द, चेहरे का दर्द और सूनी आंखों को आज तक नहीं भूला हूं।”  कई साल बाद मुझे मथुरा वृंदावन जाने का मौका मिला। वहां मंदिरों के आगे वैसी ही अनगिनत बहनों और माताओं को देखा, जो बेहद दयनीय हालत में दाने-दाने की मोहताज जैसे मौत के इंतजार में जीवन काट रही थीं।

कुछ वर्ष पहले की बात है। हमने असम से बहला-फुसलाकर लाई गई 16-17 साल की एक ऐसी बच्ची को हरियाणा के गांव से छुड़ाया था, जिसका निकाह एक आधे पागल आदमी से कर दिया गया था। लड़की की उम्र से तीन गुना बड़े उस

आदमी और उसके बड़े भाई दोनों ने, उस लड़की को अपनी बीवी बनाकर रखा था। बाकी परिवार के लिए वह पूरे दिन काम करने वाली एक मुफ्त की नौकरानी थी। हमने उसे मुक्त कराया। छुड़ाए जाने के बाद उस बच्ची ने मुझसे कहा था, "मेरे अब्बू बेहद ग़रीब और अपाहिज हैं। मैं उन पर बोझ बनकर नहीं रहना चाहती थी। एक लड़का शादी का झांसा देकर मुझे दिल्ली ले गया। लेकिन उसने मुझे बीस हज़ार रुपये में बेच दिया। अब मैं घर लौटकर अब्बू को क्या मुँह दिखाऊँगी?"

हमने उसे किसी तरह समझा-बुझा कर उसके भाई के साथ घर भेज दिया था, लेकिन ऐसी बहुत सी लड़कियाँ आत्महत्या करने तक के लिए मजबूर हो जाती हैं। कई को शादी के बहाने ट्रैफ़िकिंग करके वेश्यावृत्ति में धकेल दिया जाता है। हमारे संगठन के साथियों ने दक्षिण भारत में ऐसी कई बच्चियों को बचाया है जिन्हें विदेशों से आए अमीर शेख निकाह के नाम पर ट्रैफ़िकिंग करके ले जाते थे।

पिछले सप्ताह की बात है। हमारे कार्यकर्ताओं ने 14 साल की एक बच्ची को जयपुर से मुक्त कराया। पिछले साल दिसंबर में उसकी मां के एक दोस्त ने धौलपुर जिले के किसी आदमी से तीन लाख रुपए लेकर, उस बच्ची की शादी करा दी थी। मुक्त कराए जाने के बाद उसने बताया, "ससुराल में मुझसे दिन भर गुलामों की तरह सारा काम कराया जाता था। जरा सी गलती हो जाने पर बुरी तरह मारा-पीटा जाता था। मेरे पति ने मेरे साथ कई बार बलात्कार किया, फिर भी मेरा गर्भ नहीं ठहरा। इसके लिए भी मुझे तरह-तरह की मानसिक यातनाएं दी गईं।"

साथियों, हमारे पूर्वजों ने बड़े त्याग और बलिदानों से आजादी हासिल करके 75 सालों में भारत को कई क्षेत्रों में दुनिया की पहली पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। आज हम जो कुछ भी हैं, उन्हीं की बदौलत हैं। परंतु उनके कई सपने और काम अभी तक अधूरे पड़े हैं। अगर हम नहीं, तो उन्हें और कौन पूरा करेगा?

हम पिछले 42 सालों से ग़ुलामी और बाल मजदूरी के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ते हुए, स्वतंत्रता के इस यज्ञ में अपने जीवन की आहुति देने वाले शहीदों का सपना पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने में दशकों के आंदोलन के बाद मिली सफलता संविधान निर्माताओं को हमारी एक विनम्र श्रद्धांजलि थी। हमने महसूस किया कि मासूम बच्चों का यौन उत्पीड़न और बलात्कार बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए हमने 'सुरक्षित बचपन- सुरक्षित भारत' मुहिम शुरू की। इसने सबका ध्यान खींचा और परिणामस्वरूप यह एक बड़ा मुद्दा बन सका। सामाजिक जागरूकता फैलने के साथ-साथ देश में कई नीतियां और सख्त क़ानून बने। न्यायपालिका की सक्रियता बढ़ी। यह समाज में चरित्र और नैतिकता को बचाने का प्रयास है। आज सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि बच्चों के साथ शोषण, उत्पीड़न और अपराध की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में जो कमी आई थी, कोरोना की महामारी के चलते उसमें बहुत तेज़ी से वृद्धि होती दिख रही है। बाल विवाह भी उनमें से एक है। पिछले दो-ढाई सालों में हमारे युवा कार्यकर्ताओं ने कई गावों में बहुत से बच्चों की शादियां रूकवाई हैं।

हमारे देश में बाल विवाह के ख़िलाफ़ क़ानून हैं। बाल यौन शोषण और विवाह के बाद भी किसी बच्चे से शारीरिक संबंध बनाना एक कठोर दंडनीय अपराध है। इसके अलावा कई राज्यों की सरकारों ने लड़कियों के लिए ऐसी ढेरों लाभकारी सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं चला रखी हैं, ताकि वयस्क होने तक उनका विवाह रुक सके। इन सबके के बावजूद 100 में से 23 लड़कियों का विवाह 18 साल की उम्र पूरी करने से पहले हो जाता है।

साथियों, मैं पूछता हूँ, आख़िर ये किसके बच्चे हैं? ये भारत माता की संतानें हैं। ये हमारी बेटियां है। ये हमारी बहनें हैं। इनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य भी हमारी ज़िम्मेदारी हैं।

गर्व और प्रेरणा की बात यह है कि आज हमारी अनेकों बेटियां इस अत्याचार को सहने के लिए तैयार नहीं हैं। वे उठ खड़ी हुई हैं। वे इसके खिलाफ आवाज़ उठा रही हैं। अपने माँ-बाप और रिश्तेदारों को चुनौती देते हुए वे अपनी और दूसरी बच्चियों के भी बाल विवाह रोक रही हैं। उसमें से बहुत सी ऐसी साहसी लड़कियाँ हैं, जिन्होंने पिता और भाइयों के ख़िलाफ़ पुलिस में शिकायत तक कर दी जो ज़बरदस्ती उनकी शादी करा रहे थे। उन्होंने सदियों पुराने स्त्री विरोधी रीति-रिवाज़ों, शर्म-संकोच और समाज तथा बिरादरी के डर के चक्रव्यूह को तोड़ा और सुरक्षित बाहर निकली हैं। उन्हीं में राजस्थान के हींसला गाँव की पायल, नीमड़ी की तारा बंजारा, झारखंड की काजल, राधा, दीपिका और राजकुमारी जैसी दर्जनों बेटियां हैं, जिन्होंने अपने गांवों में सामाजिक बदलाव का नया इतिहास रच डाला- एक उज्जवल और गर्वीला इतिहास। मैं उनकी बहादुरी को सलाम करता हूँ।

ऐसे उदाहरण भले ही कितने भी प्रेरणास्पद क्यों न हों, इस बुराई और अपराध को पूरी तरह ख़त्म करने के लिए काफ़ी नहीं हैं। इसके लिए सामाजिक चेतना के साथ-साथ बड़े पैमाने पर क़ानून का डर और कार्रवाई भी ज़रूरी है। इसीलिए हमने फ़ैसला किया है कि बाल-विवाह के ख़िलाफ़ एक देशव्यापी अभियान छेड़ा जाए। देश में बाल विवाह के मौजूदा 23 प्रतिशत के आंकड़े को घटाकर सन् 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत तक लेकर आना, इस अभियान का पहला पड़ाव होगा। यह विश्व के इतिहास का सबसे विशाल, व्यापक और प्रभावी अभियान होना चाहिए।

हमारी योजना है कि देश के एक करोड़ नागरिकों की इसमें हिस्सेदारी हो। यह काम हमारे हज़ारों कार्यकर्ताओं और सैकड़ों सामाजिक संगठनों के अलावा युवाओं और महिलाओं के संगठन, ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच, स्थानीय नेता, धर्मगुरु, शिक्षक, बाल सुरक्षा समितियां और संस्थाएँ करेंगी। अभियान की शुरुआत 16 अक्टूबर सन् 2022 की ऐतिहासिक संध्या से की जाएगी। उस दिन 10 हज़ार गावों में लगभग 50 हज़ार महिलाओं और लड़कियों की अगुवाई में, ग्रामवासी बाल-विवाह के कलंक को ख़त्म करने की शपथ लेंगे। वे यह प्रतिज्ञा अपने-अपने हाथों में दीये, मोमबत्तियाँ या मशालें लेकर करेंगे।

बहनों और भाइयों, ज़रा उस दृश्य की कल्पना कीजिए, जब देश के हज़ारों गांवों में लाखों लोग अपने हृदय के भीतर संकल्प की आग और बाहर हाथों में रौशनी की लौ लेकर क़दम से क़दम मिलाकर साथ-साथ चलेंगे। 16 अक्टूबर की उस शाम, एक सूरज आसमान में अस्त हो रहा होगा तो दूसरा सूरज भारत की धरती से उग रहा होगा।

याद रखिए, दर्शक दीर्घा में बैठकर ताली बजाने वाले या आलोचना करने वाले लोग इतिहास नहीं रचते। इतिहास के निर्माता वे होते हैं, जो हिम्मत के साथ मैदान में कूद पड़ते हैं। आज मैं आपसे भारत के इतिहास में लिखे जा रहे इस स्वर्णिम अध्याय का साक्षी नहीं, बल्कि निर्माता बनने का आह्वान करता हूँ।

आपका साथी,

**कैलाश सत्यार्थी**

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

# बाल विवाह मुक्त भारत
# CHILD MARRIAGE FREE INDIA

सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

## "In the age to study, grow and shine, child marriage is a crime"

**- Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi**

**Child Marriage is a crime which is rooted in gender inequality and has strong linkages to sexual abuse, trafficking, child labour, including health hazards etc. It denies girls their rights, choice, participation and undermines numerous development priorities hindering progress towards a more equal, healthy and prosperous world.**

Child marriage is an age-old social evil, which is prevalent in our society since times immemorial. It has no barriers of caste, culture or religion. India is home to the largest number of child brides in the world with girls as young as 8 years old are married off to men much older to them. The Covid 19 pandemic further exacerbated the problem with increased instances of adolescent girls being married off.

Child marriage brings an abrupt end to a girl's childhood on one hand and threatens her health on the other, it triggers the vicious cycle of inter-generational poor health, thus affecting the economic development of the country.

## CHILD MARRIAGE STATUS IN INDIA

The latest National Family Health Survey (2019-21) shows that although there is a drop in the overall rate of child marriages, from 26.8% in the National Family Health Survey (NFHS 4) to 23.3% in NFHS 5, it is still high despite laws, programmes and schemes in place to address the issue. Today, every fourth woman surveyed in the age group of 20 to 24 was married before they turned 18.

As per the Census of India in 2011, 51,57,863 girls were found married before attainment of the legal age of marriage which constitutes 2.4 percent of the total minor girls (Below 18 Years) in the country.

In the year 2017, Bharat Yatra, a Pan-India march was called by Kailash Satyarthi Children's Foundation (KSCF) under the leadership of the Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi on the issue of ending sexual violence against children. The March aimed to bring about institutional, legal and policy changes for prevention of exploitation of children and ensuring time bound justice for the child victims of crime. While there has been substantial change in laws, policies, implementations post Bharat Yatra, yet the fight against violence against children continues, as the age old crime of child marriage is still posing a threat and needs to be addressed at all level for creating a safe childhood.

## WHY CHILD MARRIAGE FREE INDIA – SAFE CHILDHOOD SAFE INDIA NOW?

Child Marriage is an age old social evil which needs urgent attention by the stakeholders including decision-makers, youth, civil society, media and the citizens of the country. Now is the time to act and come together to eradicate this offence and prevent children to falling prey to this crime.

Kailash Satyarthi Children's Foundation (KSCF), founded by the Nobel Peace Laureate Kailash Satyarthi will launch a Pan-India campaign on creating Child Marriage Free India. The campaign will be covering 5,000 villages and engaging more than 10 million citizens across the country to spread the message on prevention and prohibition of child marriage. The primary objective of the campaign is to reduce child marriages by 10% from the current level of 23.3% by end of the campaign in 2025.

Social Awareness through Marches have been a successful strategy of KSCF in addressing issues and through the awareness campaigns have managed to highlight the issue of violence against children to the fore front.

# THE GOAL

**To create a Child Marriage Free India**

## THE OBJECTIVES

- Decrease in child marriage instances from 23.3% (NFHS 5) to 10% by 2025 through the sustained engagement of women and community leaders in the villages
- Strengthened community and village level institutions (Sarpanch, religious leaders, local authorities) for creating Child Marriage Free India
- 50,000 women leaders sensitised and equipped to work on the prevention of child marriage
- Prevention through immediate reporting and legal action in cases of child marriage

## STRATEGY TO ADDRESS CHILD MARRIAGE WITH SUSTAINED ACTION

- Women leadership and community participation from the villages
- Bring focus on girl's health and nutrition
- Developing local leadership through children, women and youth groups
- Legal action against child marriage
- SDG Target 5.3: Eliminate all harmful practices, such as child, early and forced marriage and female genital mutilation

## THE IMPACT

Child Marriage Free India initiative with its pan India outreach and sustained engagement with panchayat and women leaders will help decrease child marriage instances from 23.3% in 2019-21 (NFHS 5) to 10% by 2025

## THE OUTCOME

1. 50,000 women leader's active participation to end child marriage
2. 30 million girls at high risk of getting married before the legal age to be protected from the social evil by sensitizing the family members and strengthening the intuitional framework.
3. Increase in number of registered child marriage cases by 300%
4. 50,000 Panchayats sensitized to work towards eliminating child marriage in their villages.
5. 50 million girls to get free and compulsory education up to 18 years of age
6. Strong monitoring mechanism institutionalized at the district level

## STAKEHOLDERS

- **Aanganwadi Sevika**
- **Asha worker**
- **Women Self-help Groups**
- **Health care workers**
- **Sarpanch/Mukhiya**
- **Survivors**
- **Teachers**
- **Representatives of School Management Committee**
- **Village Ward members**
- **Para-legal volunteers**
- **Child protection committees**
- **Community members**
- **Representatives of Bal Sansad /children/youth group**
- **Block Development Officer**
- **NGOs**

SATYARTHI

KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

**Registered Office:** L-6, III Floor, Kalkaji, New Delhi 110 019 T. +91 11 49211102

@KSCFIndia /KSCFIndia /KSCFIndia info@satyarthi.org

**To report, call the complaint cell number 1800 102 7222**

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

# बाल विवाह मुक्त भारत
# CHILD MARRIAGE FREE INDIA

सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

## "पढ़ने-बढ़ने की उम्र है, बाल विवाह एक जुर्म है"

**- कैलाश सत्यार्थी, नोबल पुरस्कार विजेता**

**बाल विवाह एक ऐसा अपराध है जिसका मूल आधार है लैंगिक असमानता यानी लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव . बाल विवाह से उपजी समस्याओं में से प्रमुख हैं बच्चों का यौन शोषण, बाल तस्करी, बाल श्रम और बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा। इसके कारण लड़कियों के उन मूल अधिकारों का हनन होता है जो उन्हें एक सम्मानजनक ज़िन्दगी अपने तरीके से जीने की आज़ादी देते हैं. इससे न केवल बालिकाओं का विकास बुरी तरह से प्रभावित होता है बल्कि एक समान, स्वस्थ और समृद्ध समाज की स्थापना में भी बाधा आती है.**

**बाल विवाह एक सदियों पुरानी सामाजिक बुराई है जो हमारे समाज में कई शताब्दियों से चली आ रही है । इसका सम्बन्ध किसी एक जाति, संस्कृति या धर्म से नहीं है। पूरी दुनिया में लड़कियों की कम उम्र में ही शादी करने के मामले में भारत नंबर एक पर है जहां 8 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की शादी भी अपने से कहीं अधिक उम्र के पुरुषों से कर दी जाती है। कोविड 19 महामारी के कारण तो नाबालिग लड़कियों की समस्या ने और गंभीर रूप ले लिया है.**

**बाल विवाह न सिर्फ एक कम-उम्र लड़की के बचपन को अचानक ख़त्म कर उसके स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर देता है बल्कि ये पीढ़ी-दर-पीढ़ी खराब स्वास्थ्य के लिए भी ज़िम्मेदार होता है जिससे देश का आर्थिक विकास भी प्रभावित होता है।**

**वर्ष 2017 में, बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को समाप्त करने के मुद्दे पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रनस फाउंडेशन (केएससीएफ) ने पूरे देश में 'भारत यात्रा' का आयोजन किया था। इस अखिल भारतीय मार्च का उद्देश्य संस्थागत, कानूनी और नीतिगत बदलाव लाना था ताकि बच्चों के शोषण की रोकथाम हो और अपराध के शिकार बच्चों के लिए समयबद्ध न्याय सुनिश्चित किया जा सके । इसमें कोई शक नहीं कि भारत यात्रा के बाद कई नीतियों और कानूनों में बदलाव आया और कानून का बेहतर पालन भी होने लगा है लेकिन फिर भी बच्चों के खिलाफ हिंसा के विरुद्ध लड़ाई जारी है क्योंकि सुरक्षित बचपन की राह में बाल विवाह जैसा अपराध अभी भी एक खतरा बना हुआ है और इसका हर स्तर पर विरोध करने की ज़रुरत है**

## भारत में बाल विवाह की स्थिति

**हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) से पता चलता है कि बेशक बाल विवाह की कुल दर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस 4) में 26.8% से घट कर अब एनएफएचएस 5 में 23.3% हो गयी है, फिर भी इस मुद्दे को हल करने के लिए लाये गए कानूनों, कार्यक्रमों और योजनाओं के बावजूद यह उच्च है। सर्वेक्षण के हिसाब से आज हालात ये हैं कि 20 से 24 आयु वर्ग की हर चौथी महिला की शादी 18 साल की उम्र से पहले कर दी गई थी।**

**2011 में भारत की जनगणना के अनुसार कानूनी उम्र पूरी होने से पहले ही 51,57,863 लड़कियों की शादी कर दी गई थी, जो देश में कुल नाबालिग लड़कियों (18 वर्ष से कम) का 2.4 प्रतिशत है।**

## बाल विवाह मुक्त भारत - सुरक्षित बचपन सुरक्षित भारत- क्या ज़रुरत है इस अभियान की ?

बाल विवाह एक सदियों पुरानी सामाजिक बुराई है जिसके बारे में सभी नीति निर्धारकों , युवाओं, गैर सरकारी संगठनों , मीडिया और देश के नागरिकों द्वारा तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि इस अपराध को मिटाने और बच्चों को इस अपराध का शिकार होने से रोकने के लिए हम सब एकजुट होकर कार्य करें।

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रनस फाउंडेशन (केएससीएफ) बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण हेतु एक अखिल भारतीय अभियान की शुरुआत करेगा। इस अभियान के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम पर संदेश फैलाने के लिए पूरे देश से 5,000 गांवों और एक करोड़ से अधिक नागरिकों को शामिल किया जाएगा । अभियान का प्राथमिक उद्देश्य है कि 2025 में, अभियान के अंत तक, बाल विवाह को 23.3% के वर्तमान स्तर से घटा कर 10% तक करना है।

यात्राओं के माध्यम से समाज में जागरूकता पैदा कर सामाजिक मुद्दों को संबोधित करना, केएससीएफ की एक सफल रणनीति रही है और इन जागरूकता अभियानों के माध्यम से केएससीएफ बच्चों के खिलाफ हिंसा के मुद्दों को सफलतापूर्वक उठाने में कामयाब रही है।

# लक्ष्य
## बाल-विवाह मुक्त भारत का निर्माण

## उद्देश्य

- गांवों में महिलाओं और समुदाय के नेताओं की निरंतर भागीदारी के माध्यम से 2025 तक बाल विवाह के मामलों में 23.3% (एनएफएचएस 5) से 10% तक की कमी
- बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए समुदाय और ग्राम स्तर की संस्थाओं (सरपंच, धार्मिक नेताओं, स्थानीय अधिकारियों) को मज़बूती प्रदान करना
- बाल विवाह की रोकथाम पर काम करने के लिए 50,000 महिला नेताओं को संवेदनशील और समर्थ बनाना
- बाल विवाह के मामलों में तत्काल रिपोर्टिंग और कानूनी कार्रवाई के माध्यम से रोकथाम

## बाल विवाह के विरुद्ध सतत कार्रवाई के लिए रणनीति

- • गांवों से महिलाओं के नेतृत्व में सामुदायिक भागीदारी
- • लड़कियों के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देना
- • बच्चों, महिलाओं और युवा समूहों के माध्यम से स्थानीय नेतृत्व का विकास करना
- • बाल विवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई
- • एसडीजी लक्ष्य 5.3: बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह के साथ-साथ महिला जननांग विकृति जैसी सभी कुप्रथाओं को समाप्त करना

## प्रभाव

बाल विवाह मुक्त भारत की ये अखिल भारतीय पहल अपनी पहुँच और पंचायत और महिला नेताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से बाल विवाह के मामलों को 2019-21 में 23.3% (एनएफएचएस 5) से 2025 तक 10% तक कम करने में मदद करेगी।

## अपेक्षित परिणाम

1. बाल विवाह को समाप्त करने के लिए 50,000 महिला नेताओं की सक्रिय भागीदारी
2. परिवार के सदस्यों को संवेदनशील और नीतिगत ढांचे को मज़बूत बना कर उन 3 करोड़ लड़कियों को इस सामाजिक बुराई से बचाना जिनकी शादी कानूनी उम्र से पहले ही किये जाने की संभावना सबसे ज़्यादा है।
3. बाल विवाह के मामलों की पुलिस में रिपोर्ट की संख्या में 300% की वृद्धि
4. 50,000 पंचायतों को अपने गांवों में बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में काम करने के लिए संवेदनशील बनाया गया।
5. 5 करोड़ लड़कियों को 18 साल की उम्र तक अनिवार्य रूप से मुफ्त शिक्षा मिलेगी
6. जिला स्तर पर हो रहे काम की लगातार निगरानी

## इस अभियान में हमारे भागीदार

- आंगनवाड़ी सेविका
- आशा कार्यकर्ता
- महिला स्वयं सहायता समूह
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता
- सरपंच / मुखिया
- शिक्षक
- स्कूल प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि
- ग्राम वार्ड सदस्य
- पैरा-लीगल वॉलंटियर्स
- बाल संरक्षण समितियां
- समुदाय के सदस्यों
- बाल संसद/बच्चों/युवा समूह के प्रतिनिधि
- प्रखंड विकास अधिकारी
- गैर सरकारी संगठन

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

**रजिस्टर्ड ऑफिस:** एल-6, कालकाजी, नई दिल्ली - 110 019 T. +91 11 49211102
@KSCFIndia /KSCFIndia /KSCFIndia info@satyarthi.org

**शिकायत दर्ज करने के लिए कंप्लेंट सेल नंबर 1800 102 7222 पर कॉल करें**

# बाल विवाह मुक्त भारत
# CHILD MARRIAGE FREE INDIA
सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

## 16 October 2022 | Time: 5pm onwards

The objective of the **"Child Marriage Free India"** campaign is to create a society where child marriage is not only seen as a social evil but should be considered as a criminal offence. Our aim is to bring together everyone to stand united against the crime of child marriage and to ensure that legal action is taken against all people responsible for child marriage. Every child should get to live a life in a society free of child marriage and access quality education.

## What do we need to do?



Light a candle/diya in your village and mohalla




Also march with placards/banners while singing the campaign song

बाल विवाह मुक्त भारत
CHILD MARRIAGE FREE INDIA
सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

### Pledge

Today we all resolve that we will neither be responsible for child marriage nor participate in any event where child marriage is being solemnized. We pledge to make all efforts to prevent it, so that every child is safe, free and educated. If we get any information about child marriage then we will inform our Mukhiya/Sarpanch and Police.

Conclude the programme with the pledge taken by everyone present in the programme.

## Essential Material




Banner of the size 6x4 ft




Handwritten messages on placards



Candle/diya/torch/ mobile torch

## Whom to partner with in this campaign

- Women Leaders (School teachers, Asha Workers, Aanganwaadi workers, activists etc.)
- Mukhiya / Sarpanch / Village Head
- Representatives of Panchayat
- Community Members

## Connect your village to the national campaign to end child marriage

**Email: nochildmarriage@satyarthi.org.in | Website: www.satyarthi.org.in**

**To complain against the exploitation of children, dial 10-102-7222**

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

Email: info@satyarthi.org.in | Website: www.satyarthi.org.in
KSCFIndia KSCFIndia KSCFIndia www.satyarthi.org.in
To report, call the complaint cell number 1800 102 7222

# बाल विवाह मुक्त भारत
# CHILD MARRIAGE FREE INDIA

सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

## 16 अक्टूबर 2022 | समय - शाम 5 बजे

**"बाल-विवाह मुक्त भारत" अभियान का उद्देश्य देश में ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ बाल-विवाह को सिर्फ एक सामाजिक कुरीति के रूप में नहीं देखा जाये बल्कि, इसे कानूनन अपराध माना जाए। हमारा उद्देश्य है कि सम्पूर्ण भारतीय समाज बाल-विवाह जैसे अपराध के खिलाफ संगठित रूप से खड़ा हो, जहाँ कहीं भी बाल-विवाह हो उसके ज़िम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्यवाही हो। प्रत्येक बच्चे को ऐसा जीवन जीने को मिले जिसमें वह एक स्वस्थ समाज में रहकर अच्छी शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य के साथ बेहतर समाज का नागरिक बने।**

## हमें क्या करना है?



अपने गांव, टोला, मोहल्ला में मोमबत्ती/दीया जलाएं




साथ में अभियान का गीत गाते हुए बैनर/प्लेकार्ड्स लेकर चलें

बाल विवाह मुक्त भारत
CHILD MARRIAGE FREE INDIA
सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत | SAFE CHILDHOOD, SAFE INDIA

### शपथ-पत्र

आज हम सब एक संकल्प लेते हैं
कि; हम बाल विवाह नहीं करेंगे
व हम ऐसे किसी आयोजन में
शामिल नहीं होंगे,
जहां बाल विवाह हो रहा हो
और हम यह प्रण करते हैं
कि इसकी रोकथाम के लिए
हर संभव प्रयास करेंगे,
जिससे हर बच्चा सुरक्षित,
मुक्त और शिक्षित हो सके

अगर ऐसी कोई भी जानकारी मिलती है
तो हम अपने मुखिया/सरपंच
व पुलिस को सूचित करेंगे

कार्यक्रम का समापन आये हुए लोगों के साथ सपथ लेकर करें

## आवश्यक सामग्री




6x4 का बैनर




तख्ते पर हस्तलिखित संदेश



मोमबत्ती/दीया/मशाल/मोबाइल टोर्च

## कार्यक्रम में किसको जोड़ना है ?

- महिला लीडर (स्कूल टीचर, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, आदि)
- मुखिया/सरपंच/ग्राम प्रधान
- पंचायत प्रतिनिधि
- ग्रामवासी

## अपने गांव को पूरे देश से जोड़े

**यह अभियान पूरे भारतवर्ष में हो रहा है**

**आप कार्यक्रम का फोटो और वीडियो इस नंबर 9205128697 पर भेजें अथवा एन.जी.ओ. के साथी इस ईमेल nochildmarriage@satyarthi.org पर फोटो/वीडियो भेजें**

SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

ईमेल-info@satyarthi.org.in | वेबसाइट-www.satyarthi.org.in
KSCFIndia KSCFIndia KSCFIndia www.satyarthi.org.in
बच्चों के शोषण के खिलाफ शिकायत के लिए कॉल करें - 1800-102-7222